पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल जी ने कृषि विज्ञान केन्द्र, सीतापुर का भ्रमण किया

——————

कृषि क्षेत्र में कम लागत वाली कृषि तकनीक के सम्बन्ध में और अनुसंधान करने की आवश्यकता– श्रीमती आनंदीबेन पटेल

——————

लखनऊ : 18 अगस्त, 2021

किसान हित को दृष्टिगत रखते हुए कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा किये जा रहे कृषि कार्यों से किसानों को अच्छा लाभ मिल रहा है, फिर भी कृषि क्षेत्र में कम लागत वाली कृषि तकनीक के सम्बन्ध में और अनुसंधान करने की आवश्यकता है। ये विचार उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज सीतापुर जिले के अम्बरपुर कृषि विज्ञान केंद्र के भ्रमण के दौरान कही। इस दौरान आयोजित कृषक वार्ता कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र पर केले की पौध उत्पादन के उद्देश्य से टिशू कल्चर प्रयोगशाला की स्थापना की दिशा में सार्थक प्रयास होने चाहिए।

अम्बरपुर केन्द्र पर आयोजित कृषक वार्ता कार्यक्रम में राज्यपाल जी ने प्रगतिशील कृषक सुधा पाण्डेय से गौ पालन, वर्मी कम्पोस्ट व मोटे अनाज उत्पादन, नीमित कुमार से मौन पालन, आर0पी0 सिंह से फल एवं सब्जियां, उमेश चन्द्र मिश्र से औषधीय फसलों तथा आनन्द कुमार से मत्स्य पालन, कुक्कुट पालन तथा मशरूम उत्पादन पर चर्चा की। इस अवसर पर राज्यपाल जी ने कृषक के उत्पादों से जुड़ी प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए उत्पादों के संबंध में जानकारी प्राप्त की और अम्बरपुर कृषि विज्ञान केन्द्र पर हरिशंकरी (पीपल, बरगद, पाकड़) का पौधा रोपण भी किया।

राज्यपाल जी ने इस अवसर पर सिधौली ब्लाक के अम्बरपुर ग्राम में स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया तथा वहां पर बच्चों को पढ़ने वाली टेबल, दरी आदि भेंट की। इसके साथ ही आंगनवाड़ी केन्द्र की महिलाओं की गोद भराई रस्म के

साथ–साथ उन्हें पौष्टिक आहार भी वितरित किया। राज्यपाल जी ने इस अवसर पर कुपोषण एवं क्षय रोग के नियंत्रण हेतु प्रदेश में चल रही योजनाओं की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं का प्रसव प्रत्येक दशा में अस्पताल में होना चाहिए।

राज्यपाल जी ने विद्या ज्ञान स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उद्योग विभाग, ग्राम विकास विभाग, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग आदि के द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा बी0सी0 सखी व स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों पर वार्तालाप किया और उनके प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर राज्यपाल जी ने सी0सी0एल0 चेक भी वितरित किया साथ ही 0 से 18 वर्ष की आयु के क्षय रोग से ग्रसित बच्चों को गोद लेने वाली संस्थाओं रेडक्रास सोसायटी, राज्य एजूकेशनल एवं सोशल डेवलेपमेंट सीतापुर तथा संजीवनी संस्था, सीतापुर के प्रतिनिधियों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र दिये।

इस अवसर पर राज्य सूचना आयुक्त सुश्री किरन बाला चौधरी, जिलाधिकारी श्री विशाल भारद्वाज, मुख्य विकास अधिकारी श्री अक्षत वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 मधु गैरोला, जिला विकास अधिकारी श्री राकेश कुमार पाण्डेय, बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री अजीत कुमार, कृषि प्रौद्योगिक संस्थान के निदेशक डा0 अतर सिंह, कृषि विज्ञान केन्द्र के अध्यक्ष श्री अभय सिंह, उपाध्यक्ष श्री सशक्त सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

——————

राजभवन (18/15)

कुपोषण हारेगा - देश जीतेगा
माननीय राज्यपाल महोदया, उत्तर प्रदेश
का
आँगनबाड़ी केन्द्र अम्बरपुर, जनपद-सीतापुर में

शिव नाडर फाउण्डेश
Indian Bank
Mahmoodabad, Sitapur-261203
IFS CODE : IDIB000M555
"VALID FOR THREE MONTHS ONLY"
18082021
पार्वती महिला स्वयं सहायता समूह को कैश क्रेडिट लिमिट का वितरण
अदा करें
PAY
₹ 1,000,00/-
रुपए एक लाख रु. मात्र
Rupees
खाता सं. ACC. NO. 50455443578
HMSHD
CBS CODE : 05109
Please Sign Above
"PAYBLE AT PART AT ALL OUR BRANCHES"